भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 181***

दिनांक 11.05.2016/21 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार के मामले**

***181. श्री विजय गोयल :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान सभी तीनों दिल्ली नगर निगम (एम.सी.डी) में भ्रष्टाचार के कई मामलें सूचित किए गये हैं;
(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के कुल कितने मामले सूचित किए गए है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान कितने मामले सुलझाए गए/अनसुलझे और सभी लंबित मामलों को सुलझाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) से (घ) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।**

*****

<u>दिनांक 11.05.2016 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 181 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।</u>

(क) से (ग) : दिल्ली नगर निगमों का अधीक्षण, नियंत्रण और निर्देशन मुख्यत: राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पास है।

दिल्ली नगर निगमों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, विगत 3 वर्षों के दौरान दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ मामलों और की गई कार्रवाई के ब्यौरे अनुलग्नक-क में दिये गये हैं। सीबीआई/एसीबी के पास मौजूद मामले अनुलग्नक-ख में दिये गये हैं।

(घ) : नगर निगमों ने सूचित किया है कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए उन्होंने विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक प्रणाली आरम्भ की गई है।

(ii) खरीद की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-निविदा आरंभ की गई है।

(iii) विविध प्रकार के निरीक्षण करने हेतु विशेष कार्यबल बनाए गए हैं।

(iv) दिल्ली नगर निगमों के कार्यकरण में प्रभावी परिवर्तन और सुधार लाने के उद्देश्य से शिकायतें आमंत्रित करने हेतु एक टॉल फ्री टेलिफोन की शुरूआत की गई है।

.....3/-

<u>राज्य सभा ता० प्र० सं० 181</u>

(v) भवन संबंधी योजना की स्वीकृति संबंधी प्रक्रिया में प्रणालीगत सुधार किया गया है।

(vi) शिकायतकर्ता और संबंधित जोनों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच आपसी बातचीत के जरिए शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

**(vii)** आरसीसी कार्यों, सीमेंट मोर्टार और वुडन शटर्श की सैंम्पलिंग और जांच की जा रही है ताकि गुणवत्ता की पुन: जांच की जा सके।

*****

**जनवरी, 2013 से दिसम्बर, 2015 तक दिल्ली नगर निगम के दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा**

| | वर्ष | सूचित किए गए मामलों की संख्या | जांच किए गए मामलों की संख्या | दर्ज आरडीए मामलों की संख्या | अंतिम रुप प्रदान किए गए आरडीए मामलों की संख्या | लंबित आरडीए मामलों की संख्या | संलिप्त पदाधिकारियों की संख्या | दंडित पदाधिकारियों की संख्या | दोषमुक्त पदाधिकारियों की संख्या | लंबित आरडीए मामलों में संलिप्त पदाधिकारियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरी दिल्ली नगर निगम | **2013** | **46** | **28** | **23** | **04** | **19** | **54** | **06** | **05** | **43** |
| | **2014** | **140** | **63** | **29** | **03** | **26** | **49** | **03** | **02** | **44** |
| | **2015** | **178** | **110** | **42** | **06** | **36** | **75** | **08** | **02** | **65** |
| **कुल** | | 364 | 201 | 94 | 13 | 81 | 178 | 17 | 09 | 152 |
| दक्षिणी दिल्ली नगर निगम | **2013** | **78** | **45** | **17** | **05** | **12** | **22** | **02** | **04** | **16** |
| | **2014** | **81** | **41** | **12** | **02** | **10** | **22** | **01** | **03** | **18** |
| | **2015** | **97** | **43** | **13** | **01** | **12** | **22** | **Nil** | **01** | **21** |
| **कुल** | | 256 | 129 | 42 | 08 | 34 | 66 | 03 | 08 | 55 |
| पूर्वी दिल्ली नगर निगम | **2013** | **282** | **96** | **18** | **04** | **14** | **32** | **01** | **04** | **27** |
| | **2014** | **194** | **123** | **16** | **02** | **14** | **32** | **01** | **04** | **27** |
| | **2015** | **236** | **81** | **24** | **02** | **22** | **54** | **02** | **01** | **51** |
| **कुल** | | 712 | 300 | 58 | 08 | 50 | 118 | 04 | 09 | 105 |

*****

**अनुलग्नक "ख" के पृष्ठ 1 का 1**

**राज्य सभा ता० प्र० सं० 181**

## सीबीआई/एसीबी के पास मामलों का ब्यौरा

| वर्ष | सीबीआई एवं एसीबी में दर्ज मामले | | | बुक किए गए पदाधिकारी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सीबीआई | एसीबी | कुल | सीबीआई | एसीबी | कुल |
| 2013 | | | | | | |
| उत्तरी दिल्ली नगर निगम | **06** | **02** | 08 | **25** | **04** | 29 |
| पूर्वी दिल्ली नगर निगम | शून्य | **01** | 01 | शून्य | **01** | 01 |
| दक्षिणी दिल्ली नगर निगम | **07** | **02** | 09 | **14** | **02** | 16 |
| कुल | 13 | 5 | 18 | 39 | 7 | 46 |
| 2014 | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरी दिल्ली नगर निगम | **03** | **02** | **05** | **04** | **02** | 06 |
| पूर्वी दिल्ली नगर निगम | **03** | **05** | **08** | **05** | **05** | 10 |
| दक्षिणी दिल्ली नगर निगम | **04** | **01** | **05** | **06** | **02** | 08 |
| कुल | 10 | 8 | 18 | 15 | 9 | 24 |
| 2015 | | | | | | |
| उत्तरी दिल्ली नगर निगम | **--** | **02** | **02** | **--** | **05** | 05 |
| पूर्वी दिल्ली नगर निगम | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| दक्षिणी दिल्ली नगर निगम | **03** | **01** | **04** | **03** | **01** | 04 |
| कुल | 3 | 3 | 6 | 3 | 6 | 9 |
| | | | | | | |

*****